हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री


13 खरीदी केंद्रों में धान का परिवहन ठप, सोसायटी


14 रजनकटा की 87 साल की महिला भानबाई ने दी उल्लास...

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]

मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर


हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
कम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## खबर संक्षेप

### करकरा में मानसगान सम्मेलन 25 से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करकरा में कोसरिया मरार पटेल समाज एवं समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से दो दिवसीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन 25 मार्च को शाम 4 बजे शुभारंभ कलश शोभायात्रा निकालकर करेंगे एवं रात्रि में 8 बजे लव निमेश मानस परिवार रायपुर की प्रस्तुति होगी। वहीं दूसरे दिन 26 से 27 मार्च तक आमंत्रित ख्याति प्राप्त मंडलियां प्रस्तुतियां देंगे। यहां आयोजन प्रति वर्ष ग्राम के पटेल समाज सहित समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से संपन्न होते आ रहा है।

### चनाट स्कूल से टीवी और बॉक्स की चोरी

**महासमुंद।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला चनाट से चोरी होने के मामला में बसना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को स्कूल के व्याख्याता नर्मदा चौधरी पिता बैजनाथ चौधरी (55 वर्ष) ने बताया कि 12 मार्च को परीक्षा समाप्ति पश्चात स्कूल बंद करके गेट में ताला लगाकर चले गये। 21 मार्च को प्रातः परीक्षा होने से स्कूल आने से वहां के गेट का ताला टूटा मिला। अंदर शिक्षक कक्ष में जाने से पुरानी आलमारी टूटी हुई मिली। इस कक्ष में पुरानी इस्तेमाली शासन द्वारा प्रदत्त 30 इंच की टीवी कीमत 10000 व एक इस्तेमाली बाक्स कीमती 6500 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

### छेड़खानी का विरोध करने पर जेठ के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छातापठार में भोज कार्यक्रम के दौरान तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थिया ने बताया कि वह 21 मार्च को अपने पति, जेठ, जेठानी सहित परिवार के छह लोग ग्राम छातापठार भोज कार्यक्रम सम्मिलित होने आए थे। कार्यक्रम में शामिल होकर घर आंगन में सभी बैठे थे। इसी दौरान ग्राम छातापठार के अक्षय टंडन, अशोक टंडन, शिवा टंडन प्रार्थिया को देख कर वहां आए और गंदी – गंदी भाषा का प्रयोग करते हाथ बांह को पकड़कर मोबाइल नंबर मांगने लगे और अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने लगे। जब प्रार्थिया के जेठ ने इसका विरोध किया, तब तीनों आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मामले में बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 75(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरडीह राइस मिल के पास ट्रक की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि 21 मार्च को करीबन शाम 7 बजे रामचंद सेठ निवासी बोईरडीह गांव के अनिरोध नायक के साथ अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स से जगदीशपुर से वापस घर आते समय रात करीबन 8 से 9 बजे के मध्य ग्राम बोईरडीह राईस मिल के पास पहुंचने पर ट्रक क्र. सीजी 04 डीसी 2038 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पुर्वक चलाते हुए रामचंद सेठ व अनिरोध नायक को मोटर सायकल सहित ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आई। घायल अवस्था में उन्हें शासकीय अस्पताल बसना लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर रामचंद सेठ व अनिरोध नायक की मौत हो जाना बताया।

खुलासा : जंगल में जली हुई लाश से उठा रहस्य का पर्दा

# आवास के लिए सास की हत्या, अधजली लाश से खुलासा, बहू समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अटल आवास की लालच में बहू ने सुपारी देकर अपनी ही सास की हत्या करवा दी। तीन दिन तक यह मामला पुलिस के लिए पहेली बना रहा, लेकिन अंततः गरियाबंद पुलिस ने इसकी गुत्थी सुलझाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 19 मार्च को गरियाबंद के हाथबाय-गरभनतोरा जंगल में जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। शव की पहचान करना मुश्किल था, लेकिन पुलिस ने इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच शुरू की। गुप्तचरों को सक्रिय किया गया और गुमशुदगी की रिपोर्टों को खंगाला गया। जांच के दौरान पता चला कि 60 वर्षीय समारी बाई यादव 18 मार्च से लापता थी। पुलिस जब समारी बाई के बेटे और बहू से पूछताछ करने पहुंची, तो उनके जवाब गोलमोल थे। इसी दौरान एक अहम सुराग मिला कि गांव के ही कृष्ण कुमार पात्रे के साथ समारी बाई को आखिरी बार देखा गया था। पुलिस ने कृष्ण कुमार को रायपुर से गिरफ्तार किया और जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई, तो चौंकाने वाला सच सामने आया।

### गरियाबंद पुलिस ने सुलझाई गुत्थी



### पुलिस की तफ्तीश और आरोपियों की गिरफ्तारी

गरियाबंद थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव और उनकी टीम की कड़ी मेहनत रंग लाई। साक्ष्यों के आधार पर लक्ष्मी यादव और कृष्ण कुमार पात्रे को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, वहीं रिश्तों की क्रूरता का यह मामला समाज के लिए एक बड़ा सबक बन गया है।

### अटल आवास के लालच में साजिश रची

कृष्ण कुमार ने खुलासा किया कि समारी बाई शराब की खाली बोतलें बेचकर और मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाती थी। उसकी बहू लक्ष्मी यादव और बेटा शराब पीने के आदी थे। लक्ष्मी ने अटल आवास को अपने नाम कराने की लालच में कृष्ण कुमार को सास की हत्या के लिए उकसाया।

### शव को बाइक पर ले गया था जंगल

18 मार्च की रात आईटीएस कॉलेज के पास कृष्ण कुमार ने समारी बाई को शराब दिलाने के बहाने बुलाया। मौका मिलते ही उसने गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को रस्सी से बांधकर बाइक पर जंगल ले गया और लकड़ियों के चट्टे में रखकर आग लगा दी, ताकि पहचान न हो सके।

## लिंकिंग से 2.78 करोड़ ऋण की वसूली, मात्र 9 लाख बाकी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला ने खरीफ वर्ष 2024 -25 में किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर धान की फसल लगाने सहकारी समिति व बैंक के माध्यम से कर्ज बांटा गया था। रसेला सोसायटी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के 748 किसानों को 2 करोड़ 87 लाख का कर्ज दिया। इनमें से 708 किसानों ने 2 करोड़ 78 लाख धान बेचते ही किसानों के क़र्ज़ की राशि आनलाइन लिंकिंग के माध्यम से काटकर बाकी राशि खाते में ट्रांसफर की गई। 40 किसानों से 9 लाख वसूली चुनौती है। इन सभी किसानों को नोटिस जारी किया गया है। अब ऐसे सभी 40 कृषकों को 31 मार्च के बाद डिफाल्टर घोषित हो जाएंगे। सोसायटी और बैंक द्वारा नोटिस जारी कर घर घर दस्तक देकर क़र्ज़ की राशि वसूली करने में लगे हैं। किसानों के पास अब सिर्फ 8 दिन का ही समय बाकी है। इस बीच राशि जमा नहीं करने पर किसानों को डिफाल्टर घोषित कर दिया जाएगा। इन किसानों को नए खरीफ़ वर्ष 2025 -26 में खाद, बीज खरीदने कर्ज नहीं दिया जाएगा। रसेला समिति के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर सालभर के लिए क़र्ज़ दिया गया था। कर्ज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित किया गया है। इस बीच क़र्ज़ जमा नहीं करने वाले किसानों पर 1 अप्रैल से 16 प्रतिशत ब्याज लग जाएगा। शाखा प्रबंधक सोमन सिग सोम ने बताया कि खरीफ में क़र्ज़ बांटने के बाद इसकी वसूली की जा रही है। सभी किसानों को नोटिस जारी कर दिया गया है। किसानों के पास क़र्ज़ की राशि जमा करने के लिए 31 मार्च अंतिम मौका है। इसके बाद डिफाल्टर हो जाएंगे।

### यह खेल मैदान नहीं तालाब है



**मैनपुर।** पीच में क्रिकेट खेलते बच्चों को देखकर यह न समझे कि यह मैदान है बल्कि यह मैनपुर नगर का एक मात्र निस्तारी तालाब है जो पूरी तरह फरवरी माह में ही सुख चुका है। तालाब में एक बूंद भी पानी नहीं है, जिसके चलते बच्चे इस तालाब में क्रिकेट मैदान बनाकर प्रतिदिन सुबह–शाम क्रिकेट खेलते नजर आते हैं, मैनपुर में दो तालाब है लेकिन दोनों तालाब गर्मी से पहले ही सुख चुका है और निस्तारी को लेकर भारी संकट पैदा हो गई है।

### उखरूपारा का प्राथमिक शाला बना ट्रेन डिब्बा

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदुला के आश्रित ग्राम उखरूपारा स्थित प्राथमिक शाला भवन को शिक्षकों के द्वारा आकर्षक रूप से रंग रोंगन कर सजावट किया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे स्कूल पढ़ाई करने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। इस विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा विद्यालय भवन को रेल गाड़ी के डिब्बी की तरह सजाया गया है।



## आयुष्मान वय वंदना कार्ड बुजुर्गों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत पंजीकरण की सुविधा अब नवापारा के लोगों को भी मिल रहा है। आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंजीयन कर कार्ड बनाए जाने की सुविधा नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभ की गई है। इस योजना में पंजीकृत हितग्राहियों को निशुल्क 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क मिलेगी। इस योजना का लाभ 70 वर्ष या अधिक उम्र के सभी वर्ग के लोगों को मिलेगा। आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनवाने के लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। पूर्व में आयुष्मान कार्ड बनवा चुके 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ लेने के लिए पुनः पंजीयन करवाना पड़ेगा। नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ तेजेंद्र साहू ने बताया कि 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में बनाए जा रहे है। मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आयुष्मान वय वंदना योजना की जानकारी लोगों को दी जा रही है। अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन कर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने के लिए नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रयासरत है।



## मौसम का मिजाज बदला, बूंदाबांदी होने से सब्जियों व फसलों को नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



विगत 2-3 दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रविवार को दिन भर बदली छाई रही। पानी गिरने के आसार दिन भर बनी रही। मौसम विभाग के प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सिस्टम के चलते मौसम में बदलाव हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिकाओं एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से क्षेत्र में बदली, बारिश एवं तेज हवाओं की स्थिति बनी हुई है। चक्रवाती परिसंचरण मध्य छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है लिहाजा नवापारा राजिम क्षेत्र में रविवार को इसका असर ज्यादा रहा। तापमान में आने वाले 2 से 3 दिनों में मौसम पूवानुसार होने को संभावना जताई जा रही है। मौसम में बदलाव का असर फसलों एवं सब्जियों पर पड़ा है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ी है। टमाटर, गोभी, ककड़ी, खीरा, तरबूज एवं खरबूजे की फसल पर व्यापक असर पड़ रहा है। बदली के कारण कीट का प्रभाव भी बढ़ा है। टमाटर पर बदली एवं बूंदाबांदी का असर भी दिखने लगा है। बाजार में बिकने आए टमाटर पर काले दाग हो गए है जिससे चिल्हर में 10 रुपए बिकने वाला टमाटर 6 से 7 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। नवापारा नेहरू गार्डन सब्जी बाजार में सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बदली पानी के कारण चेच भाजी एवं लाल भाजी में कीट प्रकोप के कारण पत्तों में छेद हो गए है। जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। तरबूज एवं खरबूज के फसलों को तेज धूप की आवश्यकता होती है। बारिश बदली के कारण तरबूज एवं खरबूज का आकार बढ़ नहीं पाता एवं मिठास में भी कमी आती है। अंधड़ बारिश के कारण आम के फलों को भी नुकसान हुआ है। छोटे -छोटे आम के फल तेज हवाओं के कारण टूट कर गिरने लगे है। छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों में बिजली गिरने की खबर भी है।

नवरात्रि 30 मार्च से शुरू, बड़ी संख्या में ज्योति कलश होंगे प्रज्ज्वलित

# जतमई और घटारानी में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मां जतमई एवं घटारानी के दरबार में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। यहां पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जलित कराने वाले देवी मां के भक्त पहुंचने लगे हैं। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 30 मार्च रविवार से होने जा रहा है। इस बार भी बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे। स्थानीय लोगों के अलावा दूर दराज के क्षेत्रों से देवी मां के भक्त यहां दीप प्रज्ज्वलित कराते हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार भी उड़ीसा, मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ के रायपुर, बस्तर, दुर्ग, कवर्धा, धमतरी, कांकेर, महासमुंद, गरियाबंद जिले के भक्त दीप प्रज्ज्वलित कराएंगे। माता का मंदिर दिनों-दिन आकर्षक और भव्य नजर आ रहा है। एक तरफ ▶▶|शेष पेज 12 पर



### समिति के सदस्य रंग-रोगन व साज-सज्जा में जुटे

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष जतमई मंदिर में उत्साह और भक्ति के साथ नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। नवरात्रि के पावन अवसर पर लाईटिंग, रंग-रोगन और आकर्षक ढंग से साज सज्जा करने में मां जतमई सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्य जी जान से लगे हुए हैं। समिति के लोगों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि को लेकर बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने आ रहे हैं।

### घने जंगलों के बीच विराजमान है मां जतमई

जतमईधाम की भव्यता देखते ही बन रही है। घने जंगलों के बीच मां जतमई विराजमान हैं। जतमई अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। प्रकृति का नजारा यहां अद्भुत है। यहां जंगल की भीनी-भीनी खुशबू से लोग काफी सुकून महसूस करते हैं। बारहों माह सैलानियों की भीड़ यहां बनी रहती है जो यहां पिकनिक का लुफ्त उठाते हैं।

## निमोरा में अभिषेकात्मक होमात्मक अतिरूद्र महायज्ञ 4 से 12 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम निमोरा में महाकालेश्वरी प्रांगण में 4 से 12 अप्रैल तक अभिषेकात्मक होमात्मक अतिरूद्र महायज्ञ एवं विराट संत समागम होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 4 अप्रैल को शुभारंभ अवसर पर मंडप प्रवेश कलश यात्रा चतुर्वेद पारायण, मंगलाचारणम दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। शनिवार 5 अप्रैल को प्रधानदेव पूजन मंडप पूजन, सहस्त्रधारा महाभिषेक अतिरूद्र होमयज्ञ प्रारंभ। 12 अप्रैल को चतुर्वेद पारायण आवाहित देवहोम वृषोत्सर्ग, प्रासाद उपसर्ग, पूर्णाहुति महाभंडारा। प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक। यज्ञ आहुति 3 बजे से 5 बजे तक। विविध सेवा मंडलियो की प्रस्तुति दोपहर 1 से 3 बजे तक, प्रवचण शाम 5 से 7 बजे तक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 7 से रात्रि 10 बजे तक होगा। 4 अप्रेल को चेतन देवांगन का पंडवानी, 5 को त्रिवेणी साहू कबीर पंडवानी, 6 को इंस्पेक्टर तरूणा साहू राजनांदगांव का पंडवानी, 7 अप्रेल को रेखा जलक्षत्री का भरथरी, 8 को किरण शर्मा का जगराता, 9 अप्रेल को कुलेश्वर ताम्रकार का रामायण, 10 को भगवती साहू का रामायण, 11 को मीरअली एवं साथियो का कवि सम्मेलन और 12 को कविता वासनिक का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस विराट कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं कथाव्यास आचार्य पंडित प्रमोद शास्त्री महाराज मानस केसरी श्री मानव कल्याण आश्रम एवं करपात्री गौशाला तथा यज्ञाचार्य ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### संजीवनी नर्सिंग कॉलेज की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** श्री सत्य संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड एलाइड हेल्थकेयर साइंसेज को एक और सफलता मिली है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट नर्सिंग का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। कॉलेज के सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। छात्राएं गरियाबंद, कोरिया, महासमुंद, बालोद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग और जांजगीर-चांपा जिले से हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम, सौभाग्यम में आयोजित समारोह में 7 छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस दौरान श्री जायसवाल ने छात्रों को बधाई दी और इस उपलब्धि के लिए संस्थान के संकाय की प्रशंसा की। अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने कहा कि छात्रों को साल दर साल अच्छा प्रदर्शन करते हुए और खुद को राज्य और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित करते हुए देखना बहुत संतुष्टि देता है। 2017 में शुरू किए गए स्नातकोत्तर नर्सिंग इंस्टीट्यूट से अब तक 47 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं और अभी सरकारी सेवा में कार्यरत हैं।

### मोटवेशनल स्पीकर ने उपराष्ट्रपति से की भेंट



**रायपुर।** प्रसिद्ध लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्जवल पाटनी ने संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से परिवार के साथ विशेष भेंट की। इस अवसर पर डॉ. पाटनी ने अपनी बेस्टसेलर पुस्तकें 'सफल वक्ता, सफल व्यक्ति' एवं 'जीत या हार रहो तैयार' के नवीन संस्करण उपराष्ट्रपति को भेंट किए। इस खास मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने गहरी रुचि दिखाते हुए डॉ. पाटनी के परिवार के प्रत्येक सदस्य से उनके कॅरियर और उपलब्धियों पर चर्चा की। उनकी ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मीयता ने इस मुलाकात को अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. उज्जवल पाटनी ने देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ पूरे संसद भवन का भ्रमण किया और संसदीय प्रक्रियाओं को करीब से समझा।

### शनिदेव मंदिर में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन



**रायपुर।** श्री शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा के पुजारी विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी होगी। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भक्तों की मनोकामना पूर्ति हेतु नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। इस दौरान मंदिर में विशेष साज-सज्जा व जगमग रोशनी से सजावट की जाएगी। ज्योति पंजीयन भक्तजन मंदिर परिसर पर करा सकते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक मनाई जाएगी।

### कर्मा जयंती पर लोक चिन्हारी भरथरी की प्रस्तुति

**मगरलोड।** ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 25 मार्च मंगलवार को मां कर्मा भवन स्कूलपारा मेघा में किया जाएगा। समाजजनों द्वारा दोपहर तीन बजे भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। शाम पांच बजे महाआरती, पूजन एवं प्रसादी का वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसो जिला बालोद हेमलता पटेल की प्रस्तुति होगी।

# कलेक्टोरेट में प्रवेश करने अब वाहन में एचएसआरपी नंबर लिखा होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने के लिए अब तक हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन आगामी कुछ दिनों में वाहन में हाई सिक्यूरिटी रेसोलेशन नंबर प्लेट लगाना भी अनिवार्य हो जाएगा। इस संबंध में कलेक्टरोरेट के सभी विभागों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाट्सप ग्रुप में प्रशासन की ओर से मैसेज किया गया है। इस मैसेज में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी जल्द ही अपने-अपने वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवा लें नहीं तो कलेक्टोरेट परिसर में वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## हेलमेट-सीट बेल्ट के बाद वाहन में हाई सिक्यूरिटी रेसोलेशन नंबर प्लेट लगाने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश

### अधिकारी-कर्मचारियों में मचा हड़कंप

इस मैसेज के बाद अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी-कर्मचारियों को चिंता सताने लगी है कि अगर जल्द ही वे वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगा पाएंगे तो उन्हें अपनी वाहन को मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ा करना होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना शुरू किया है, क्योंकि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए वाहन को पुलिस कर्मी कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास ही रोक रहे हैं। ऐसे में अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टोरेट परिसर में वाहन ले जाने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना पड़ रहा है।



### आम लोगों को भी नहीं दिया जा रहा प्रवेश

कलेक्टर ने यह निर्देश शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जारी किया है, लेकिन पुलिस कर्मी आम लोगों को भी बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने से रोक जा रहा है। इधर ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर का कहना है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना नियम में है। इसमें छूट का कोई प्रावधान नहीं है। शहर के अंदर एक्सीडेंट कम होते हैं, पर होते हैं, इसलिए शहर में हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर वाहन चालकों को थोड़ी रियायत दी जा रही है, लेकिन जहां जरूरी है, वहां कड़ाई से पालन भी कराया जा रहा है।

### कलेक्टर स्टेनो की ओर से वाट्स एप ग्रुप में भेजा मैसेज

कलेक्टोरेट में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का वाट्स एप ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप में कलेक्टर गौरव सिंह के स्टेनो मुक्तेश्वर पटेल द्वारा मैसेज भेजा गया है। इस मैसेज में लिखा है कि समय सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी जिनके पास शासकीय या निजी दोपहिया एवं चारपहिया वाहन है, उनमें एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगे हैं तो तत्काल लगवा लें। कुछ दिन के बाद कलेक्टोरेट में बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट लगी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## आधार, राशन तथा वोटर आईडी रद्द कराने एटीएस ने जिला प्रशासन, नगर निगम को लिखा पत्र

# इराक भागने की फिराक में पकड़े गए बांग्लादेशी भाइयों का पासपोर्ट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बांग्लादेश से घुसपैठ कर राजधानी में वर्षों से रह रहे जिन तीन बांग्लादेशी भाई मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर, शेख साजन को एटीएस ने मुंबई के रास्ते इराक, बगदाद भागने की फिराक में पकड़ा था, उनकी पासपोर्ट एटीएस ने रद्द करवा दिया है। इसके साथ ही तीनों के फर्जी अंक सूची के माध्यम से बनवाए गए आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा राशन कार्ड को रद्द कराने एटीएस ने जिला तथा नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखा है।

- राजधानी सहित प्रदेश में बांग्लादेशी नेटवर्क सक्रिय

महासमुंद पुलिस ने सांकरा में जिन चार बांग्लादेशी नागरिकों को चोरी तथा मानव तस्करी के आरोप में पकड़ा है, इसके बाद रायपुर पुलिस भी अलर्ट हो गई है।

एटीएस ने पकड़े गए बांग्लादेशी भाइयों से पूछताछ के आधार पर च्वाइस सेंटर संचालक मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बांग्लादेशी भाइयों के एक और मददगार शेख अली अब तक पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस को शेख अली के बांग्लादेश भाग जाने की शेख अली की तलाश में रायपुर पुलिस बांग्लादेश बार्डर तक पहुंच चुकी है, लेकिन पुलिस को शेख अली के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिला है।



एटीएस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा

रायपुर के बांग्लादेशी शातिरों का पाक, इराक कनेक्शन, आधा दर्जन देशों में हो रही थी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले महीने मुंबई एयरपोर्ट से इराक भागने की फिराक में पकड़े गए तीन बांग्लादेशी ... कि जो आपस में सगे भाई हैं। उनके ... देश में एटीएस को बातचीत करने का ब्योरा मिला है। अलग-अलग ... का ब्योरा मिलने के बाद एटीएस की टीम अलर्ट हो गई है। एटीएस ने मोहम्मद ...ल, शेख अकबर और शेख सा... पूछताछ करने दो दिनों की कोर्ट ...ंड हासिल की है।

रायपुर में रह रहे थे तीन बांग्लादेशी, फर्जी पहचान पत्र से इराक भागने की कोशिश, मुंबई में धरे गए

बांग्लादेशी नागरिकों के सीरिया, इराक, वियतनाम, इजराइल सउदी अरब तथा पाकिस्तानी नंबरों से बातचीत करने की जानकारी मिली है। इन देशों में बांग्लादेशी नागरिकों ने आईएमओ ▶▶|शेष पेज 5 पर

अरब को छोड़ शेष अन्य देश हिंसा प्रभावित

साउदी अरब को छोड़ सिरिया, वियतनाम, इराक, इजराइल हिंसा प्रभावित देश हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में आतंकवाद चरम पर है। ऐसे में बांग्लादेशी नागरिकों के इन देशों में संपर्क करने को लेकर कई तरह के संदेह हो रहा है। एटीएस को आशंका है कि गिरफ्तार बांग्लादेश नागरिकों के कहीं आतंकी कनेक्शन तो नहीं है। बातचीत की ▶▶|शेष पेज 5 पर

दस्तावेज रद्द कराने की तैयारी

बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से वोटर आईडी से लेकर आधार, पेन कार्ड तथा पासपोर्ट बनवाए थे। इन सभी दस्तावेजों को रद्द कराने एटीएस ने चुनाव आयोग के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम तथा ▶▶|शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### बड़ा नेटवर्क संचालित होने की आशंका

महासमुंद पुलिस ने बांग्लादेश तथा भारत के बार्डर में रहने वाले जिस अफसर तथा मिलन मंडल को गिरफ्तार किया है, इनके द्वारा बांग्लादेश से आए चोर गिरोह को पनाह देने के साथ ही उनको चोरी छिपे बार्डर पार कराने का आरोप है। राज्य के इतिहास में पहली बार पुलिस ने दोनों के खिलाफ फॉरेनर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इन दोनों पर मानव तस्करी कराने का आरोप है।

### बांग्लादेशी ज्वेलरी बिकवाने का काम करते थे

पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अफसर तथा मिलन मंडल चोरी छिपे बांग्लादेश से आए लोगों की सोने की ज्वेलरी पश्चिम बंगाल में बिकवाने का काम करते थे। इसके एवज में उन्हें मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। बांग्लादेश में सोने की कीमत कम है। इस वजह से वहां से आए लोगों की सोने की ज्वेलरी भारत में बिकवाने का काम करते थे।

### पांच से सात हजार रुपए में बार्डर पार

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बांग्लादेश से आने तथा यहां से चोरी छिपे बांग्लादेश जाने वालों से अफसर पांच से सात हजार कमीशन लेता था। इसके बाद वह अपने एजेंट के माध्यम से बार्डर पार करवाता था। बांग्लादेश बार्डर पर तनाव बढ़ने के बाद सीमा को कंटीले तारों से सील कर दिया गया है। इसे देखते हुए बार्डर पार कराने कमीशन की राशि दस से 15 हजार रुपए वसूल रहे।

### बार्डर पार करने वालों को अफसर भी नहीं जानता

दशकों से भारत में फर्जी तरीके से रह रहे 70 वर्षीय अफसर को नहीं मालूम कि उसने कितने लोगों का बांग्लादेश से भारत आने में मदद की है। अफसर ने पुलिस को बताया है कि भारत आने के इच्छुक लोग उसे कॉल कर संपर्क करते थे। इसके बाद वह अपने एजेंटे के माध्यम से उनकी भारत आने मदद करता था। एजेंट संबंधित से पैसा लेकर अपने कमीशन की राशि रख शेष रकम अफसर को दे देते थे।

# चैंबर चुनाव स्क्रूटनी के बाद पात्र प्रत्याशियों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रिवर्षीय प्रांतीय चुनाव के लिए निर्वाचन समिति ने स्क्रूटनी के बाद शनिवार को पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस बार चैंबर चुनाव के लिए प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2 नामांकन और महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 1-1 नामांकन भरा गया। जिलों में उपाध्यक्ष पद के लिए 36 नामांकन और मंत्री पद के लिए 35 नामांकन भरे गये थे।

- प्रदेश अध्यक्ष के 2, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के 1-1 उम्मीदवार के नामांकन वैध
- 2 नामांकन हुये निरस्त

चैंबर चुनाव समिति ने नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि के बाद सभी नामांकन पत्रों की जांच की। स्क्रूटनी के बाद निर्वाचन समिति ने निर्वाचन के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नामांकन के बाद अंतिम सूची में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष के लिए 1-1 उम्मीदवारों के नाम सही पाये गये।

**नामांकन की स्थिति इस प्रकार है:** रायपुर जिला- 8 उपाध्यक्ष,8 मंत्री, बालोद जिला-2 उपाध्यक्ष, 2 मंत्री, सरगुजा जिला 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, कोरबा जिला 1 उपाध्यक्ष, जांजगीर जिले में 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, महासमुंद जिले में 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, मुंगेली जिले में 2 उपाध्यक्ष, 2 मंत्री, राजनांदगांव जिले में 1 उपाध्यक्ष, 3 मंत्री। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में 1 उपाध्यक्ष और 1 मंत्री के नामांकन सही पाये गये।

### 3 जिलों से एक भी नामांकन नहीं

गौरेला-पेंड्रा-मारवाही,जशपुर और कबीरधाम इन जिलों से उपाध्यक्ष व मंत्री पद के लिए एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले से मंत्री पद के नामांकन त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त हुये। पात्र उम्मीदवारों की घोषणा में चुनाव समिति के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य चुनाव नियंत्रक एच.एस कर और चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भाजपा ने बिहार स्थापना दिवस पर मनाया स्नेह मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शनिवार को बिहार स्थापना दिवस पर रायपुर और भिलाई में बिहार स्थापना दिवस पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और अन्य भाजपा नेता और मंत्री शामिल हुए।

- मुख्यमंत्री साय और भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिहार के मंत्री नितिन नवीन हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं, त्योहार और पारिवारिक मूल्य सबकुछ एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। ये रिश्ता केवल भूगोल का नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कारों का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता केवल कहावत नहीं, अब सामाजिक हकीकत बन चुकी है।



### मोदी की गारंटी: वादा नहीं, संकल्प है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और हमें सेवा का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ने बीते सवा साल में जनहित की कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 70 लाख से अधिक विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और सम्मान में वृद्धि हुई है।

उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया, उनकी माता जी भी अविभाजित बिहार से थीं और उनका झारखंड से पुराना संबंध रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, अब छठ पर्व छत्तीसगढ़ में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। राज्य भर के तालाबों और नदियों पर सुंदर छठ घाटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया, उन्होंने स्वयं भी जशपुर जिले के कुनकुरी में एक करोड़ की लागत से छठ घाट बनवाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से भाषायी, सामाजिक और सांस्कृतिक दूरियाँ कम होती हैं। आज का यह समारोह दो राज्यों के बीच भाईचारे और सांस्कृतिक समझ का सेतु बना है।

# एक तरफ 24 घंटे पानी का सपना, दूसरी तरफ 10 में से 5 जोन में किराये के पानी टैंकर की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के एक तरफ जहां 15 वार्डो में 24 घंटे भरपूर पीने का पानी पहुंचाने का सपना है, वहीं नगर निगम के 10 जोन में से 5 जोन ऐसे हैं जहां अभी से पानी की किल्लत शुरू हो गई है। नलों में पानी का प्रेशर कम होने और बोरवेल में जल स्तर घटने से प्रभावित इलाके के लिए किराये के पानी टैंकर भेजने की मांग आई है। नगर निगम का जल विभाग इस बार जल संकट प्रभावित इलाकों में 30 से 35 किराये के पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाएगा। दलदल सिवनी, लभांडी, कचना के बीएसयूपी आवासीय कालोनी में जल संकट दूर करने किराये के टैंकर भेजा जा रहा है। शहर के 21 जगहों से पानी टैंकर की मांग वहां के वार्ड पार्षदों ने जनता की परेशानी को देखते हुए की है। रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना को धरातल पर लाने में अभी समय लगेगा।

- 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना में अभी लगेगा समय

रायपुर नगर निगम के 5 जोन ऐसे हैं जहां मार्च माह में ही संबंधित वार्ड के रहवासियों ने नगरनिगम से पेयजल समस्या को देखते हुए किराये के पानी टैंकर की मांग की है। खमतराई स्थित नगर निगम जोन 1 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित यतियतनलाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा में पानी की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी उनके यहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नगर निगम के पानी टैंकर भरोसे हर बार की तरह इस बार भी उन्हें रहना पड़ रहा है। इसी तरह बंजारी माता वार्ड के कुछ रहवासी इलाकों में पानी की समस्या शुरू हो गई है। जोन 2 में रेल्वे की जमीन पर बसी बस्ती में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। वहां किराये के पानी टैंकर भेजने की व्यवस्था में निगम जुटा है।

नगर निगम जोन 6 के शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, जोन 9 के कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुये किराये के पानी टैंकर की मांग की गई है। शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर में पानी की समस्या से निपटने टैंकर की व्यवस्था करने जोन स्तर पर मांग की है।

### सबसे ज्यादा दिक्कत आउटर के इलाकों में



## कई सांसद, विधायक जहां अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बना दिए

# भाजपा के तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को 3 माह से सीएम के साथ भोजन और सम्मान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के तीन माह बाद भी कार्यकर्ताओं को सीएम के साथ भोजन करने और सम्मान का इंतजार है, अब तक इसके लिए कोई तिथि तय नहीं हो सकी है। संभावना है कि अगले माह कार्यकर्ताओं का इंतजार पूरा हो जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक



सदस्य बनाने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देश भर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ तो सब इसमें लग गए। अब सारे काम हो गए है तो कहा जा रहा है कि जल्द ही कोई तिथि तय करते कार्यक्रम किया जाएगा और वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन का भी मौका दिया जाएगा।

## पेज 11 के शेष...

### जतमई और...

जंगल की भीनी-भीनी महक और दूसरी ओर विशाल पहाड़ का आनंद कुछ अलग ही महत्व लिया हुआ है। चैत्र और क्वांर नवरात्रि के अलावा पूरे बारहों माह भक्तों की भीड़ जतमई और घटारानी मंदिर में बढ़ती ही जा रही है। बल्कि प्रदेश के कोने-कोने से सैलानी भी यहां पिकनिक का आनंद लेने पहुंचते हैं। मां का यह दरबार राजिम से कोई 35 किमी दूर है। आज से कुछ साल पहले तक जतमई धाम पहुंच मार्ग अत्यंत कष्टदायक था। धीरे-धीरे सड़कें बनी। आज यह क्षेत्र तरक्की की ओर अग्रसर है। बिजली पहुंच गई है। पानी की कोई कमी नहीं है। मंदिर के सामने किराना, जनरल और होटलें भी लगती है, जिसके चलते दर्शकों को किसी भी तरह का कोई कष्ट नहीं होता।

### निमोरा में ...

आचार्य प्रवर श्री रामप्रसाद शास्त्री महाराज कोविद श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ सेवा संस्थान होंगे। बताया गया है कि काशी बनारस, जबलपुर, राजस्थान एवं दक्षिण भारत से अनेक वेदो के विद्वान संतो का आगमन होगा। जिसमें महंत रामसुंदर दास, उमेशानंद गिरी, श्रीचक्रमहामेरू पीठाधिपति श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज सरगांव, रामबालकदास जांमड़ी आश्रम, गणेशानदं गिरी नरसिंगपुर,श्री दंडीस्वामी इंदुभवनानंद श्री शंकराचार्य आश्रम बोरिया, आचार्य झम्मन प्रसाद महाराज, श्रीमज्जयोतिर्मयानंद सरस्वती, युधिष्ठिर महाराज, श्री रावतपुरा महाराज जी जैसे अनेको संतो का आगमन होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक मूर्तिकार पीलूराम साहू, तेजस्वनी साहू है। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

# बुजुर्गों में परीक्षा में भाग लेने दिखा उत्साह, मैनपुर ब्लॉक में 3940 ग्रामीणों ने दिलाई परीक्षा

## उल्लास साक्षरता कार्यक्रम : बुजुर्ग दंपत्ती ने दिलाई साथ-साथ परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक विभिन्न स्कूलों में परीक्षा में ग्रामीण क्षेंत्र के बुजुर्गे, युवा, किसान, मजदुरों ने उत्साह से भाग लिया और पर्चा दिलाया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 188 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे जिसमें 5020 लोगों को परीक्षा दिलाना था जिसमें आज 3940 ग्रामीणों ने परीक्षा में शामिल हुए।

मैनपुर विकासखण्ड वनांचल क्षेत्र में इन दिनों महुआ संग्रहण चल रहा है बावजूद इसके ग्रामीण उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिये और तो और तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलोमीटर दुर झरियाबाहरा में बुजूर्ग दंपत्ति श्रीमती बनोबाई एवं चंदन सिंह नेताम ने एक साथ बैठकर परीक्षा दिलाई उनके चेहरे में काफी खुशी देखने को मिला उन्होने कहा कि बचपन मे उन्हें पढ़ाई करने का अवसर नही मिला लेकिन अब वे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के आज परीक्षा में भाग लेकर काफी उत्साहित महसुस कर रहे है ग्राम भाठीगढ में लाठी के सहारे 80 वर्षीय पीलाराम ध्रुव परीक्षा दिलाने पहुचे उनमें गजब का उत्साह देखते बन रहा था वही कुल्हाडीघाट परीक्षा केन्द्र मे 90 से 95 वर्ष के कमार जनजाति की महिला ने भी परीक्षा दिलाई भले ही उनके हाथ कांप रहे थे परीक्षा में भाग लेकर काफी खुश नजर आये इसी तरह ,सुशिला नेताम, कुन्तो मांझी, सीता बाई, मीना नागेश, दुलेश्वरी निषाद, खिरो बाई, बुधराम विश्वकर्मा, बंशीलाल यादव ने बताया कि इन दिनों महुआ संग्रहण का कार्य चल रहा है लेकिन आज परीक्षा होने के कारण उन्होने महुआ संग्रहण को छोड़कर परीक्षा दिलाने पहुंचे हैं ताकि देश के विकास में उनका भी योगदान रहे।



### इन परीक्षा केंद्रों में भारी उत्साह

मैनपुर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला अडगड़ी, जरहीडीह, पेंड्रा, शोभा, करेली, लहपीपारा, कोयबा, इदागांव, भाठीगढ, मुडगेलमाल, केन्दुकोट, कुहीमाल, गोढियारी, नेगीपारा, कोकडी, जरहीडीह, नगबेल, कांदाखोदरा, धोबनडीह, तौरेंगा, कोदोमाली, जुंगाड, अमाड़, पोटापारा, चचरापारा, जयंतीनगर, देहारगुडा, कुल्हाडीघाट, उरमाल, सरगीगुडा, मटिया, ढेबगुढा, मुनगापदर, अनेसर, झरगांव, तेतलखुंटी, पुजारीपारा, साल्हेभाठा, कुरलापारा, माहुकोट, अमली, नवापारा, ढोलसरई, गोना, मोतीपानी, हरदीभाठा, छोटेगोबरा, मैनपुरकला, कोदोभाठा, खैरमाल, अमलीपदर, डेण्डुपदर, कोकड़ीमाल, गौरगांव, धवईभर्री झोलाराव, आडपाथर, उदंती, गौरवमुण्ड, बोईरगांव, बेहराडीह, चलनापदर, सिहारलटी, गुढभेली, कमारपारा कुल 186 परीक्षा केन्द्रों में उत्साह देखने को मिला।



### बनाए गए थे 86 परीक्षा केंद्र

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में कुल 5020 परीक्षार्थी थे जिसमें 3940 परीक्षाथियों ने परीक्षा दिलाया और 186 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## खबर संक्षेप



### सरपंच हलमन ने प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से की मुलाकात

**मैनपुर।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा के रिकार्ड जीत पर भारतीय जनता पार्टी के विजयी हुए पंचायत प्रतिनिधियों का विशाल सम्मेलन रायपुर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पर हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मैनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुंडागांव के सरपंच हलमन धुर्वा और उनकी धर्मपत्नी दाबरीगुडा सरपंच श्रीमती ललिता ध्रुवा ने मुलाकात किया और गांव के विकास के मुद्दे पर चर्चा किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने गांव के विकास के पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है साथ ही भाजपा सरकार की योजना गांव के प्रत्येक आम आदमी तक पहुंचा जाएगा।

### कान्हा महाराज का आगमन आज

**खल्लारी।** धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित माता राऊर प्रांगण स्थित मंगल भवन में सोमवार 24 मार्च को सुबह 9 बजे महाराज सदन तिवारी कोमना ( ओडिशा वाले) के सुपुत्र कान्हा महाराज का आगमन होगा। महराज का आगमन, खल्लारी निवासी वरिष्ठ कृषक लोमस पटेल की अगुवाई और ग्राम सुरक्षा समिति खल्लारी के विशेष सहयोग से होगा। इस दौरान गुरुदेव महराज सदन तिवारी एवं महाराज कान्हा तिवारी दोनों एक साथ उपस्थित रहेंगे। वे यहां ग्रामीणजनों के बीच में धार्मिक आयोजन पश्चात महाराज ओडिशा के लिए निकलेंगे। उक्त भेंट मुलाकात व धार्मिक आयोजन पश्चात आयोजक द्वारा उपस्थित जनों को प्रसाद व मिठाई वितरण किया जाएगा। इससे पहले महाराज का कार्यक्रम क्वांर नवरात्र के दौरान 2022 में भी भागवत कथा के रूप में आयोजन हुआ था। वरिष्ठ कृषक लोमस पटेल ने बताया कि महाराज का यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान राधा-कृष्ण युगल यात्रा से है, जो की यह धार्मिक यात्रा छत्तीसगढ़ के भिलाई से निकलकर छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के विभिन्न प्रांतों में भ्रमण करते कोमना (ओडिशा) जाएगी।

## परेशानी : फिंगेश्वर अंतर्गत दस खरीदी केंद्रों में खुले में पड़ा है सरकार का धान

# खरीदी केंद्रों में धान का परिवहन ठप, सोसायटी अध्यक्ष परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

सहकारी बैंक फिंगेश्वर अर्न्तगत 10 धान खरीदी केन्द्रों फिंगेश्वर, बारूला, गुण्डरदेही, बोरसी, भसेरा, पोलकर्रा, बेलर, परसदाकला, लचकेरा एवं चरौदा में 20 मार्च 2025 तक कुल 73652.44 क्विंटल धान राशि 16 करोड़ चौरान्वे लाख अठारह हजार नौ सौ चार रुपयों का धान परिवहन के अभाव में विभिन्न खरीदी केन्द्रों में ठप पड़ा है। इसके लिए कई बार पत्र व्यवहार किया गया तो मुश्किल से कभी कभी 1-2 ट्रक ही परिवहन के लिए आता है।सोसायटी के अध्यक्षों ने धान का उठाव न होने पर सोसायटी को होने वाले नुकसान पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि खरीदी केन्द्रों से धान परिवहन होते तक धान की मात्र क्वालिटी एवं सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी सोसायटी की मानी जाती है जबकि धान खरीदी के 72 घंटे के अंदर खरीदी केन्द्र से धान उठाने का नियम है। परंतु धान समय पर न उठने से साल्टेज क्वालिटी के साथ -साथ चोरी आदि के कारण ग्रामीण सोसायटीयों को नुकसान उठाना पड़ता है। इन खरीदी केन्द्रों के प्राधिकृत अध्यक्षों ने बताया कि ग्रामीण सोसायटी को वर्ष 2023-24 के धान खरीदी कमीशन की राशि भी अब तक अप्राप्त है। इसी तरह खाद की सप्लाई के विलंब से किसानों को होने वाली परेशानी की बात बताते हुए प्राधिकृत अध्यक्षों ने बताया कि परिवहन का ठेका जिले के बाहर के ट्रान्सपोर्टरों को देने से खाद समय पर केन्द्रों में नहीं पहुंचता है। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर प्राधिकृत अध्यक्षों द्वारा विभागीय मंत्री केदार कश्यप से मिलकर चर्चा करने का निर्णय लिया है।



### एक सप्ताह के भीतर हो जाएगा परिवहन

सभी केंद्रों से शेष धान का डीओ राइस मिलर्स के नाम से कट गया है। एक सप्ताह के अंदर सभी धान संग्रहण केंद्रों से शत प्रतिशत धान का परिवहन हो जाएगा।

- अमित चंद्राकर, जिला विपणन अधिकारी

### परिवहन नहीं होने से सोसायटियों को नुकसान

गौरतलब है कि इस भीषण गर्मी में जहां शेष पड़े धान में सुखत बढ़ रही है वहीं खरीदी केन्द्रों में सूनसान होने के कारण धान की चोरी एवं सुरक्षा काफी परेशानी का कारण बना हुआ है। गौरतलब है कि खरीदी के प्रारंभ से माने तो लगभग 5 माह और खरीदी बंद होने के बाद लगभग 2 माह हो गये है परंतु खरीदे गये धान का परिवहन नहीं होन से सोसायटियों का नुकसान हो रहा है। फिंगेश्वर, बारूला एवं चरौदा खरीदी केन्द्र से लगभग शत प्रतिशत धान का उठाव हो गया है। परंतु पोलकर्रा से मात्र 65.67 प्रतिशत, परसदाकला से 71.32 प्रतिशत, बोरसी से मात्र 78.59 प्रतिशत, भसेरा केन्द्र से मात्र 83.5 प्रतिशत धान का उठाव अब तक हुआ है।इन केन्द्रों में धान के बड़े-बड़े स्टेंकों को काली झिल्ली आदि से ढांककर रखा गया है।तेज हवा,बारिश एवं रात्रि में चोरी आदि का भय बना रहता है।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम।

शहर के गुलाब गार्डन में ग्रीन आर्मी टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू थी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। पर्यावरण को हम किस प्रकार से सुरक्षित रख सकते हैं। इस पर हम सबको ध्यान देना होगा। जन सहयोग के माध्यम से नवापारा को सुंदर और स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग करेंगे। श्रीमती साहू ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों और उपस्थित अतिथियों को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वर्णजीत कौर, रमेश तिवारी, विनय चौरे, राधिका यादव, अमिताब दुबे, घनश्याम साहू, सहदेव कंसारी, रेणुका, अंजू अग्रवाल,तारणी शर्मा, गोपेश्वरी साहू,दुर्गेशनंदिनी सोनी, डीलन कावले, वंदना दुबे, अंजू तिवारी मीरा साहू, मंजु साहू, ममता साहू, रंजीता साहू, सुनीता,रूबी कोटक, शंकर सिन्हा हरिशंकर सिंह, संतोष साहू, मोहनलाल, राम साहू, संतोष सोनकर, ओमप्रकाश साहू, हेमनाथ कोसरे, ओमप्रकाश चंद्राकर, रोमन साहू, संजय साहू, एस आर सोनकर, बुद्धेश्वर वर्मा, कैलाश तिवारी, मिथलेश साहू, रमेश सोंसायटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# खोमन बने ग्राम विकास समिति बेलर के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

ग्राम विकास समिति बेलर के सफल संचालन के लिए रविवार को सार्वजनिक आम बैठक रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व उपसरपंच खोमन



साहू को ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बनाए गए है। गांव के सम्पूर्ण संचालन के अन्य कार्यकारणी पदाधिकारी का मनोनयन किया है। जिसमें खोमन साहू अध्यक्ष, करणदास सचिव, भागवत सिन्हा उपाध्यक्ष, पिताम्बर यादय कोषाअध्यक्ष, जय प्रकाशसाहू सहसचिव, सुरेन्द्र रात्रे संगठन सचिव, संजय विश्वकर्मा अंकेक्षक, धनेश सतनामी कनिष्ठ उपाध्यक्ष, लेखराम राजे सरपंच प्रतिनिधी, उपसरपंच शंकर साहू, विष्णु साहू, देवी राम साहू, तिरथ राम, तेजराम साहू, घनश्याम साहू, पिला टंडन, प्रवीण साहू,भजन सेन, भुवन घृतलहरे, चन्द्रशेखर, राधेश्याम साहू, भागी साहू, भूनेश्वर साहू, पोहत, गिरवर साहू संचालन समीति में शामिल हैं।



### राजकुमार बने सतनामी समाज अध्यक्ष

**छुईहा बेलर।** सतनामी समाज जामगांव अडगवा चक के सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजकुमार टंडन, उपाध्यक्ष ईश्वरी कुर्रे बनाए गए। इस अवसर पर कोमल ढीढी सचिव, सुदामा बंजारे, रामजी जी खरे, बुदेल खरे, राजेंद्र ढीढी , उत्तम सोनवानी, बृजकुमार बंजारे, प्रेमलाल टोडर, संतुराम रातें, नारायण कोशरे, हिरु डहरे, मनीराम कोसरे, छानू राम, कुंतराम, पुनीत राम, सियाराम कोसरे, दयालु भारती, पुराणिक भारती, भाकानंद भारती, कृपाराम बंजारे ,कोषाध्यक्ष सहित सामाजिक प्रमुख गण एवं पदाधिकारी बनाए गए।



# जंगल में चमकने वाला कुल्लू वृक्ष विलुप्ति की ओर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर


- औषधीय एवं खाद्य के रूप में उपयोगी, गोंद कतीरा कुल्लू वृक्ष से होता है प्राप्त

पूर्णिमा चांदनी रात में चांदी जैसी आभा बिखेरते तथा जंगल में अलग से दिखाई देने वाले कुल्लू वृक्ष की खुबसूरती देखकर लोग मोहित हो जाते हैं, चमकीले आकर्षक सफेद रंग के दिखने के कारण ये वृक्ष रात में अलग से पहचाने जा सकते हैं। इस पेड़ की पत्तियां हथेली जैसी 25 सेमी व्यास की होती है जो शाखाओं के अन्त में झुण्ड में लगती है। फरवरी-मार्च में पतझड़ होने के उपरान्त इस पर हरापन लिए पीले रंग के छोटे आकार के फूल खिलते जिन पर रोयें पाए जाते हैं। इसके फल अंडाकार 7.5 सेमी लम्बे होते है जो पकने पर लाल रंग के हो जाते है। फलों का बाहरी आवरण लालिमायुक्त रोयें से ढका होता है। एक फल में 3-6 काले या कत्थई रंग के बीज होते है। पत्तेविहीन होने के बाद चमकीले तने और डालियों के कारण कुल्लू के पेड़ रात में अजीब चमक महसूस होती हैं।



### औषधि वृक्षों में महत्वपूर्ण

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि कुल्लू का वृक्ष पहाड़ी एवं पथरिली इलाके में पाया जाता है हमारे यहां सभी मिश्रित वृक्षों के साथ पहाड़ी इलाके में कुल्लू के भी वृक्ष है और यहां काफी औषधि महत्वपूर्ण वृक्षों में माना जाता



कल्लू का वृक्ष पहाड़ी और पथरीली इलाके में भारी मात्र में पाया जाता है मैनपुर, सिकासर, कुल्हाड़ीघाट, ओड आमामोर, भाटीगढ़ पहाड़ी इलाके में यहां पेड़ आज से कुछ वर्ष पहले तक भारी संख्या में दिखाई देता था लेकिन लगातार अवैध कटाई के चलते इसकी संख्या बेहद कम हो गई है कुल्लू एक मध्यम आकार (15–20 मीटर ऊंचाई) का वृक्ष है जिसका तना 60-100 सेमी. मोटा, सफेद एवं भूरे रंग का होता है। इसकी छाल धूसर भूरे रंग की और मुलायम होती है। इसकी लकड़ी हल्के पीले या क्रीम रंग की होती है। यह अत्यन्त सूखा सहन करने वाला पेड़ है। भारत के 750 से 1200 मिमी. वार्षिक वर्षा वाले जंगलों में इसके पेड़ पहाड़ी, पथरीली चट्टानों में प्राकृतिक रूप से उगते है। बहुमूल्य गोंद कतीरा देने वाला वृक्ष है कुल्लू ,कुल्लू एक ओद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण वृक्ष है, क्योंकि अंतराष्ट्रीय बाजार में सबसे अधिक मांग तथा सर्वाधिक निर्यात की जाने वालीं गोंदों में से एक गम कराया (गोंद) है, जो गोंद कतीरा के नाम से विश्व विख्यात है भारत में विगत 5000 वर्ष से परंपरागत औषधि के रूप में इसका प्रयोग हो रहा है।

**कहीं लुप्त न हो जाएं बहुपयोगी कुल्लू-** लुप्तप्राय होते जा रहे है कुल्लू के कुछ पेड़ अब भी बचे हैं और जल्दी ही इन्हें बचाने की कोशिश नहीं की गई तो यह दुर्लभ औषधीय वृक्ष समाप्त हो सकते हैं। कराया गोंद भारत के जंगलों की प्रमुख वनोपज है और जंगल में बसने वाले ग्रामीणों की रोजी-रोटी का सहारा है बेतहासा जंगल कटाई एवं लगातार विदोहन के कारण नष्ट होते जा रहे कुल्लू के पेड़ों की अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाने के साथ-साथ जंगलों में इनके प्रतिरोपण की आवश्यकता है। यही नहीं कृषि क्षेत्र में भी किसानों को कुल्लू वृक्षों के रोपण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। खेतों की मेड़ों पर कुल्लू के वृक्ष लगाने से किसानों को गोंद उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो सकती है। इसके बीज से पौध तैयार कर व्यवसायिक खेती की जा सकती है। रोपाई के बाद लगभग 6-7 वर्ष बाद पेड़ों से गोंद प्राप्त होने लगता है। वैज्ञानिक तरीके से गोंद निकालने पर इनसे 20-30 वर्ष तक अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है।



## खबर संक्षेप



### भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को शहीद दिवस पर किया गया नमन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के कई ग्रामों में युवा संगठन द्वारा रविवार को कार्यकम आयोजित कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों, भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को शहीद दिवस 23 मार्च पर नमन किया गया। इस दौरान मैनपुर के जिड़ार चौक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने अमर शहीदों के छायाचित्रों पर पुष्पाजंली अर्पित करते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए हस्ते हस्ते फांसी का फंदा चुमने वाले ये वीर सपुत न केवल हमारी आजादी की नीव है बल्कि वे हर भारतीय युवा के लिए प्रेरणा पुंज भी है, उनकी शहदात ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और पुरे देश में क्रांति की चेतना जागृत की। इस मौके पर प्रमुख रूप से जगदीश नागेश, सुनील बाम्बोडे, परमे"वर यादव, हुलार ठाकुर, शेख हसन खान, संतोश निर्मलकर, पिलेश्वर सोरी, भोला सेन, बलदेव नायक, गजेन्द्र सिंह, तीव सोनी, डोमार साहू, लोकनाथ साहू, दयाराम यादव, शान्तुराम यादव, नंदकिशोर पटेल संतोश नागेश एवं नगर व क्षेत्र के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 58 छात्रों को इस साल मिलेगा बोनस अंक

**महासमुंद।** खेल व स्काउट-गाइड के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बोनस अंक दिया जाएगा। कुल 58 छात्रों के नाम बोनस अंक के लिए प्रस्तावित किया गया है। छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अंक दिया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग ने ऐसे छात्रों की सूची माशिमं को सौंप दी है। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 वीं से 14 और 12वीं से 19 छात्रों का चयन किया गया है। वहीं स्काउट एंड गाइड के 10 वीं के 15 और 12 वीं के 25 छात्रों का चयन किया गया है। कुल 58 छात्र हैं।
खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए बोनस अंक प्रदान किया जाता है। खिलाड़ियों को बोर्ड परीक्षा में 10 से 20 अंक प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी की जाने वाली अंकसूची में भी बोनस अंक के बारे में अलग से उल्लेख किया जाएगा। जिसका सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा।
प्रतिवर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की सूची मंगाई जाती है। इस वर्ष 9 वीं और 11 वीं के छात्रों को भी बोनस अंक दिया जाएगा। इसकी सूची भी तैयार की जा रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अंक दिए जाएंगे। 9 वीं और 11 वीं कक्षा के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके लिए अभी सूची तैयार की जा रही है। बोनस अंक से खिलाड़ियों का खेल के प्रति भी उत्साह बढ़ जाता है।
जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल ने बताया कि खिलाड़ियों को सिर्फ बोनस अंक ही नहीं, उन्हें ट्रैक शूट, जूता, मोजा, टी-शर्ट, निकर निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसके अलावा 25 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान की जाती है।

### मौसम बदला फिर बेमौसम बारिश ने किया परेशान

**महासमुंद।** पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा और रविवार को सुबह गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई और कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। जिससे मौसम खुशनुमा लेकिन धूप निकलने के बाद उमस बढ़ गई। इधर, समय पर धान का उठाव नहीं होने से सूखत की समस्या से जूझ रहीं समितियों की मुश्किलें, मौसम ने और बढ़ा दी।
उपार्जन केंद्रों में 5 लाख क्विंटल धान खुले आसमान में नीचे रखा धान रविवार को तेज बारिश से भीगा है। धान खरीदी को समाप्त हुए एक महीने 21 दिन हो चुके हैं। पिछले दिनों कलेक्टर द्वारा 13 मार्च तक धान का पूर्ण उठाव करने के निर्देश के बावजूद अब तक उठाव पूर्ण नहीं हुआ है। जिले में कुल 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। अब तक 105 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। 5 लाख क्विंटल धान ही उपार्जन केंद्रों में है।

## परीक्षा : संकुल अतरमरा में महा परीक्षा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

# रजनकटा की 87 साल की महिला भानबाई ने दी उल्लास परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ बीआरसीसी, संकुल समन्वयक द्वारा किया गया निरीक्षण

संपूर्ण भारत में महा परीक्षा अभियान उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण राज्य में 23 मार्च को परीक्षा आयोजित किया गया था। इसके अंतर्गत गरियाबंद जिलाधीश दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के निर्देशानुसार, विकासखण्ड शिक्षाधिकारी छुरा किसुन मतावले, बीआरसीसी हरीश देवांगन, नोडल अधिकारी किशन धीतेश, अखिलेश खरे के मार्गदर्शन में संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक शाला के परीक्षा केंद्र प्राथमिक शाला अतरमरा, रजनकटा,दीवना, खट्टी, कुरूद, कुम्हरमरा में महा परीक्षा अभियान के अंतर्गत परीक्षा का सफल संचालन किया गया। परीक्षा का समय 10:00 बजे से शाम 5:00 तक था। जिसके अंतर्गत परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार समय पर अपनी उपस्थिति प्रदान कर परीक्षा दिलाई। राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत परीक्षा केंद्र रजनकटा के अंतर्गत 87 साल की बुजुर्ग महिला भानबाई विश्वकर्मा ने परीक्षा दिलाया। परीक्षा केंद्र में केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अनुदेशकों के द्वारा परीक्षा उपरांत जांच कर अंक उच्च कार्यालय को प्रेषित किया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के द्वारा परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत परीक्षा केंद्र अतरमरा, रजनकटा, खट्टी, दिवना, कुरुद, कुम्हरमरा का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रो में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुआ।



### इनकी रही विशेष भूमिका

संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाले सभी परीक्षा केन्द्रो में रूप राम साहू, धनेश्वरी मुरचूलिया,पवनू ध्रुव, प्रहलाद यादव, मीना ध्रुव, रेणुका देवांगन, चिरंजीव साहू, मुन्ना पटेल, मानिक साहू, गौतम साहू, तामध्वज साहू,केदार राम हिरवानी, खिलेश्वर साहू, टेमन ध्रुव, नोहेश्वरी ध्रुव, ताम्रध्वज साहू, ओमबाई दीवान, सीमा नेताम आदि ने परीक्षा अभियान को सफल बनाने में अपने विशेष भूमिका निभाई।

### केंद्राध्यक्ष को दिए गए थे आवश्यक दिशा निर्देश

उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को होने वाली परीक्षा के संबंध में संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के द्वारा सभी केंद्राध्यक्ष को उच्च कार्यालय से प्राप्त जानकारी को अपने गांव पर पर्यवेक्षकों अनुदेशकों एवं परीक्षार्थियों की आवश्यक बैठक आयोजित सभी केंद्र अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिए गए थे। संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा जी ने बताया कि संकुल केंद्र अतरमरा के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाया। 87 साल की बुजुर्ग महिला भानबाई विश्वकर्मा ने परीक्षा दिलाया जिसका संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने प्रोत्साहन कर बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि साक्षरता होने के लिए 87 साल की बुजुर्ग महिला द्वारा स्वयं होकर सरकार की इस अभियान में शामिल हुए। यह बहुत ही प्रेरणादायक है इससे हम सभी को प्रेरणा मिलेगी।

## मैनपुर में पहुंचा कलिंदर



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में इन दिनों बाजार में बिकने के लिए बडी संख्या में रसदार कलिंदर पहुंचे है जिसमें अधिकांश इसी क्षेत्र के किसानों के द्वारा उत्पादन किया जा रहा है।



### बोर्ड परीक्षा का रोजगार नियोजन उपसंचालक ने किया निरीक्षण

**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय में शनिवार को बारहवीं बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करने रोजगार और नियोजन के उपसंचालक एओ लारी पहुंचे। श्रीलारी ने परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा की व्यवस्था, पुलिस थाना में रखे जा रहे प्रश्न पत्रों को परीक्षा केन्द्र तक लाने शेष प्रश्न पत्रों के लेखा पुस्तिका का भी अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया। यह जानकारी केन्द्राध्यक्ष फाखरा खानम दानी ने दी। श्रीलारी ने इस दौरान स्कूल परिसर में ही संचालित आठवीं बोर्ड परीक्षा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आठवीं बोर्ड परीक्षा दे रहे परिक्षार्थियों को उनके भविष्य में इंजिनियरिंग, मेडिकल, अधिकारी बनने के संबंध में टिप्स भी दिए।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष समेत नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

### विधायक इन्द्रकुमार साहू ने होली मिलन में सम्मान समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



विधानसभा मुख्यालय अभनपुर में विधायक इन्द्रकुमार साहू के द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह एवं होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व विधायक इन्द्रकुमार द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित पंच व सरपंचो सहित समस्त प्रतिनिधियों को श्रीफल व साल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने अपने उदबोधन में कहा कि उपस्थित सभी देवतुल्य सभी नागरिक जिन्होने हमारी पार्टी को इस मुकाम पर पहुंचाया सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हु। लोकतंत्र में पंच से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों की एक ही भूमिका होती है लेकिन जितने बड़े पद में आगे बढ़ते जाते है उसी तरह जवाबदारियां भी बढ़ती जाती है। जनता से हमेश विनम्रतापुर्वक व्यवहार होना चाहिए जिस तरह वृक्ष जितना बड़ा होता जाता है उतना ही झुकता जाता है।
इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित जनसमुदाय को होली पर्व की बधाई देते कहा कि होली पर्व हमारी संस्कृति एक अटुट हिस्सा है। इस आयोजन के माध्यम से हम सभी को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। होली मिलन कार्यक्रम शाम 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक चलता रहा। लोग फुलो की होली खेलते कई घंटो तक होली के जश्न में डुबे रहे। यह पहला मौका था कि होली मिलन कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों के साथ जमकर होली खेली। कार्यक्रम जिपं. अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप यदु, जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष आरंग रिकु अध्यक्ष, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, किशोर साहू, नागेन्द्र वर्मा, पुर्व जिपं. सदस्य खेमराज कोसले, सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सरपंच बसंत कोसले, जिपं. सदस्य अन्नु तारक, जनपद सदस्य विवेक तिवारी, राजा दीवान, वरूण राठी सहित हजारो की संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## जिपं सदस्य ने विधायक सहित भाजपा नेताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





क्षेत्र क्रमांक 2 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कौंदकेरा निवासी नंदनी-ओंकार साहू आशीर्वाद लेने विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय के निवास पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी के इन वरिष्ठ नेताओं ने नंदनी-ओंकार साहू को आशीर्वाद देते हुए अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की सेवा करने तथा विकास कार्यो को प्राथमिकता देने के लिए कहा। इसके साथ ही मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन के अनुरूप काम करने कहा। विधायक निवास में नंदनी ने विधायक की धर्मपत्नी भुनेश्वरी देवी साहू का सम्मान बुके भेंटकर किया। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल साहू, साहू समाज के कोषाध्यक्ष दूजलाल साहू, सीमा-राकेश साहू, शकुन-गिरिराज साहू मौजूद थे।

## जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में रुचि तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी से कक्षा -8वीं की छात्रा रुचि ध्रुव ने जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा 2025 में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय व जिला का का नाम रोशन किया साथ ही राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा के चयनित हुई जिसकी अगामी परीक्षा 20 अप्रैल को रायपुर में आयोजित होगी। जहां पर उन्हें जिला स्तरीय पर स्थान प्राप्त होने पर पुरूस्कृत किया जायेगा। इस उपलब्धि के लिए इन्होंने बधाई एवं अग्रिम शुभकामनाएं संप्रेषित किए शाला परिवार कि ओर से संस्था प्रमुख सुखेश्वर राम पंकज, शांतिप्रभा मिंज, रुपसिंह ध्रुव,शिवशंकर यादव, गोवर्धन यादव, धनेश्वरी मार्कण्डेय, दीपक तिवारी, ग्राम पंचायत सरपंच गोमती ध्रुव, जिला श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष एवं उपसरपंच रूपनाथ बंजारे, समाज सेवक शीतल ध्रुव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यगण, जिला शिक्षा अधिकारी एके सरास्वत, डीएमसी के एस नायक, एपीसी विल्सन पी थामस, जिला नोडल ज्ञानेंद्र शर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी किशुन मतावले, बीआरसी हरीश देवांगन संकुल समन्वयक खोलबाहरा निषाद, संकुल प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू संकुल के समस्त शिक्षकगण ने अगामी राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। नवाचारी, कबाड़ से जुगाड़ एवं शिक्षक गौरव से अलंकृत शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी मार्गदर्शक एवं प्रभारी की भूमिका में रहें।

## कक्षा केजी1 में दुर्गान्जलि व केजी 2 में गौरव प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ डीएव्ही स्कूल में पालक शिक्षक की हुई बैठक



मैनपुर से महज 4 किलो मीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुडा में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा के जी 1 से कक्षा दूसरी, कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा के जी1 में प्रथम दुर्गान्जलि काशी, द्वितीय विराज जायसवाल, तृतीय वाची सोनी, कक्षा के जी 2 में प्रथम गौरव साहू, द्वितीय उवएँ वर्मा , तृतीय हिमांशी सिन्हा, कक्षा पहली में प्रथम समीक्षा ध्रुवा, द्वितीय देवांश सिन्हा, तृतीय ऋषभ यादव, कक्षा दूसरी में प्रथम तेजस्वी सोनवानी, द्वितीय दीक्षल पटेल, तृतीय मोक्षित किरमे, कक्षा नवमी में प्रथम निष्ठा तन्डवीर, द्वितीय भक्ति कुशवाहा, तृतीय आरुषि नवरत्ना, कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान कशिश कश्यप, द्वितीय स्थान चंद्रिका मरकाम और तृतीय स्थान डिंपल बघेल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं का भी संस्था प्रमुख वेनुका साहू के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अभिभावक अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम को लेकर बहुत ही उत्सुक दिखे। बच्चों के लिए बनाया गया सेल्फी जोन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर शिक्षक थलेन्द्र कश्यप ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जीवनी एवं उनके अंतरिक्ष विज्ञान संबंधी अनुसंधान के विषय में प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय नागेश, राकेश साहू, परम ज्योति भोई, संदीप साहू, उत्तम साहू, धनेन्द्र साहू, सुरेश श्रीवास, ज्योति कश्यप, रमेश यदु, धनंजय सिन्हा, लेखराज साहू, देविका नेताम, लक्ष्मी बघेल, शैलेश्वर कुलदीप, शैलेश यादव, पालक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# जल प्रदूषण भविष्य के लिए गंभीर समस्या है : केके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय एवं विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर केके सिंह उप अभियंता, सार्वजनिक एवं स्वास्थ्य विभाग, छुरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि केके सिंह ने अपने व्याख्यान में जल प्रदूषण और उसके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल प्रदूषण हमारे भविष्य के लिए एक गंभीर समस्या है। हमें जल की शुद्धता बनाए रखने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने होंगे। जल की गुणवत्ता को मापने एवं शुद्धिकरण की आधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता एवं IQAC निदेशक प्रो. एनके स्वामी ने छुरा एवं आसपास के गांवों में भूजल स्तर में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक जल दोहन, अपर्याप्त वर्षा जल संचयन और वनों की कटाई के कारण भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. विश्वनाथन ने जल संसाधनों की घटती स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि वनों की कटाई, अति दोहन और जल प्रदूषण से जल संकट बढ़ रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने वृक्षारोपण, जलाशयों की सफाई और भूजल पुनर्भरण जैसे उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जल ही जीवन है, इसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी



विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है, इसे संरक्षित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसी टिकाऊ तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया और जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की। छात्रों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे और जल प्रदूषण नियंत्रण की तकनीकों पर जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम के अंत में रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक सुश्री ट्विंकल दीपक ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आईएसबीएम विश्वविद्यालय अपने छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

